B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

विरोध : कच्चे समिति के अध्यक्ष का बयान मीडिया में आने के बाद सुलझा मामला

# सीमा विवाद पर भड़का आक्रोश, भैसाकन्हार के ग्रामीणों ने सीएमडीसी माइंस का रोका रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर/भानुप्रतापपुर

- भैसाकन्हार के ग्रामीणों ने जताया विरोध, सीमांकन के बाद ही काम करने पर का किया ऐलान
- कच्चे सहमति के अध्यक्ष ने भी जताई सहमति, जिसका क्षेत्र आएगा, वहीं करेगा नेतृत्व

भानुप्रतापपुर क्षेत्र के बहुचर्चित सीएमडीसी माइंस विवाद ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया। सोमवार 18 अगस्त को भैसाकन्हार और भैसमुंडी के ग्रामीण बड़ी संख्या में एकजुट होकर माइंस प्रबंधन के खिलाफ लामबंद हो गए। दरअसल माइंस प्रबंधन ने 18 अगस्त को शुभ मुहूर्त निकालकर माइंस परिसर में पूजन कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की थी। इसकी जानकारी मिलते ही दोनों गांवों के महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग माइंस के मुख्यद्वार पर पहुँच गए और प्रवेश रोकते हुए धरना पर बैठ गए। भैसाकन्हार के ग्रामीणों की माँग है कि सीमांकन के बाद ही उत्खनन कार्य शुरू किया जाएं। आदिवासी किसान विकास समिति कच्चे समिति के अध्यक्ष सामसाय सलाम ने मीडिया को बाईट दिया कि सीमांकन में जिस गांव का क्षेत्र ज्यादा आएगा, वहीं गाँव खदान संचालन का नेतृत्व करेगा। यह सहमति बनने के बाद ही भैसाकन्हार के ग्रामीणों ने पूजा करने की अनुमति दिया। जानकारी के अनुसार आरीडोंगरी माईंस कच्चे का भैसमुंडी और भैसाकन्हार प्रभावित क्षेत्र है, परंतु आरीडोंगरी माईंस संचालक के दोहरे व्यवहार से भैसाकन्हार एवं भैसमुंडी के ग्रामीण जमकर आक्रोशित है। सीएमडीसी को सरकार ने खदान संचालन की जिम्मेदारी दिया है, इस खदान को लेकर भैसाकन्हार के ग्रामीणों का कहना है कि यह क्षेत्र भैसाकन्हार के वन संसाधन क्षेत्र में आता है, ऐसे में कच्चे समिति अपना अधिकार कैसे जमा रही है। सीएमडीसी को पहले से जमा लौह अयस्क का परिवहन करने का ठेका हुआ था, इसमें कच्चे समिति नेतृत्व करते हुए ट्रक को लगाया गया है, इसका भी लाभ भैसाकन्हार के समिति को नहीं मिल पा रहा है। भैसाकन्हार एवं भैंसमुंडी के ग्रामीणों का कहना है कि सीएमडीसी जिस जगह उत्खनन करना चाह रही है, उसका सीमांकन हो जाएं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि यह क्षेत्र किसके अंतर्गत आता है। विगत कुछ दिनों पहले भी ग्रामीणों ने अवैध ढंग से लगाए गए बोर्ड को उखाड़कर फेंकवा दिया था और बिना परमीशन के खदान में घुसने पर आपत्ति जताया था। भैसाकन्हार और भैंसमुंडी के ग्रामीणों का कहना है कि आरीडोंगरी कच्चे खदान का प्रभावित गांव है, परंतु आज तक सीएसआर मद से काम जैसा होना चाहिए, वैसा नहीं हो पाया है। आरीडोंगरी कच्चे खदान के संचालकों के द्वारा दोनो गांव का अभी तक केवल शोषण ही किया गया है, जो अब नही होने दिया जाएगा। यह जंग जीतने के बाद आगे आरीडोंगरी कच्चे माईस का भी रिकार्ड निकाला जाएगा और उसमें हुई गड़बड़ी को उजागर किया जाएगा। डोलोमाईट ▸▸| शेष पेज 12 पर






### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

पूजा कार्यक्रम में एसडीएम गंगाधर वाहिले, भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख, सीएमडीसी रायपुर से पहुँचे अधिकारियों में डीजीएम माईंस उपेंद्र कुमार पाण्डेय, एजीएम सुशील कुमार चंद्राकर, खनन कार्य करने वाली कंपनी कार्गो के संचालक वैभव अग्रवाल के अलावा भैसाकन्हार के सरपंच रमल कोर्राम, गायता गणेश कोर्राम, पटेल राजेंद्र कोर्राम, बुधराम तेता, तुलसीराम वट्टी, लच्छूराम वट्टी, सोहन कोर्राम, गीतूराम कोसमा और कच्चे समिति के अध्यक्ष सामसाय सलाम, सोमजी सलाम एवं अन्य उपस्थित रहे।

### एसडीओपी ने वन विभाग के एसडीओ को किया काल

भानुप्रतापपुर एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ने गेट पर खड़ी भीड़ के सामने वन विभाग के एसडीओ गेंदरे को काल किया और स्पीकर को चालू कर दिया। वन विभाग के एसडीओ ने कहा कि सीएमडीसी का खदान क्षेत्र भैसाकन्हार के अंतर्गत आता है। इस बात को उपस्थित ग्रामीणों ने सुना। एसडीओ के ऐसा बोलने पर भैसाकन्हार और भैसमुंडी के ग्रामीणों का कहना था कि अब वन विभाग के अधिकारी बोल रहे है, तो इस खदान का नेतृत्व भैसाकन्हार समिति करेगी। एसडीओपी का यह कारनामा कहीं उनके लिए संकट न खड़ा कर दे।

### जिले के बाहर के ट्रकों से हो रही वसूली

भैसाकन्हार और भैसमुंडी के ग्रामीणों का आरोप है कि इसमें आरीडोंगरी कच्चे के प्रेसीडेंस आफ माईंस कुंदन कुमार झा अपनी पत्नी दिव्या झा के नाम पर ट्रक चलवा रहे है, इसके अलावा जितेंद्र जायसवाल के साथ मिलकर जिले के बाहर के ट्रक को लगाया जाता है, उनसे 500 से 600 रूपएं टन अतिरिक्त राशि वसूला जा रहा है। इसे लेकर भी भैसाकन्हार और भैसमुंडी के ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। भैंसाकन्हार और भैसमुंडी के ग्रामीणों का कहना है कि परिवहन के नाम पर जो अवैध उगाही चल रही है, इसकी जाँच होना चाहिए और कार्यवाही भी होना चाहिए। इस आरोप पर हरिभूमि ने माईस प्रेसीडेंट कुंदन झा के मोबाईल नंबर पर संपर्क किया, काल रिसीव नहीं हुआ, वहीं जितेंद्र जायसवाल के मोबाईल नंबर पर संपर्क किया गया, परंतु काल लगा नही।

खबर संक्षेप

### नगरपालिका को मिली सर्वसुविधायुक्त जेसीबी




**कांकेर।** नगरपालिका के पास सर्वसुविधायुक्त जेसीबी की लंबे समय से जरूरत महसूस किया जा रहा था। सर्वसुविधायुक्त जेसीबी नहीं होने पर सफाई कार्य प्रभावित हो रहा था। विधायक आशाराम नेताम और कांकेर नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक के प्रयास से सर्वसुविधायुक्त जेसीबी मिल पाई। विधायक, अध्यक्ष, पार्षद, नगरपालिका के सीएमओ पवन कुमार मेरिया एवं नगरपालिका के स्टाप की उपस्थिति में पूजन किया गया। सब इंजीनियर राहुल थवानी ने बताया कि इस जेसीबी में लंबा बकेट अधिक कचरा उठाने में मदद करेगा, रॉक ब्रेकर से रिपेयर कार्य तुरंत संभव होगा और पहाड़ियों पर चढ़ने हेतु फोर व्हील ड्राइव की सुविधा भी उपलब्ध है।

## बेकाबू बस चलाने पर 14 चालकों पर कार्रवाई, 28 हजार का जुर्माना वसूला




हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

शहर सीमा में सवारी बसों की गति बहुत तेज होती है, इसकी शिकायत लगातार होती रहती है। यातायात विभाग ने विशेष अभियान चलाकर वाहन इंटरसेप्टर वाहन से जाँच करके 14 बस चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 28 हजार का समन शुल्क वसूला गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशानुसार, एएसपी दिनेश सिन्हा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी दीपक सॉव एवं यातायात टीम के द्वारा जिले मे आए दिन बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाने के लिए 18 अगस्त को ऊपर नीचे रोड, गोविंदपुर एवं बाफना लान के पास चेकिंग पॉइंट लगाकर इंटरसेप्टर वाहन से विशेष अभियान चलाकर ओव्हर स्पीड से वाहन चालन करने वाले कुल 14 बस चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 28 हजार का समन शुल्क वसूला गया। यातायात प्रभारी ने बताया कि सवारी बस चालको एवं उनके संचालकों को कई बार समझाईश दिया गया है, उसके बाद चालक लापरवाही बरतते है, जिसके चलते यह कार्यवाही किया गया है। समन शुल्क जिन बसों से वसूला गया है, दुबारा ओवरस्पीड मिलने पर बसों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही ▸▸| शेष पेज 12 पर

## धान भरा ट्रक को लेकर चालक फरार व्यापारी की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



पुसवाड़ा के व्यापारी की धान से भरी ट्रक को ट्रक चालक लेकर फरार हो गया। पतासाजी करने पर कोई जानकारी नहीं मिलने पर व्यापारी ने चालक के खिलाफ कांकेर थाना में मामला दर्ज कराया है।

व्यापारी ने ड्रायवर को राजिम के राईस में ट्रक में लोड धान को पहुंचाने के लिए बोला। ड्रायवर ट्रक लेकर पुसवाड़ा से निकला, लेकिन व्यापारी ने जिस राईस में धान को ले जाने के लिए बोला था, वहां तक नही गया। व्यापारी ने ड्रायवर से जानकारी लेना चाहा तो उसका मोबाईल नंबर को ब्लॉक कर दिया और इधर उधर की बात कहकर घूमाने लगा। अंत में परेशान होकर व्यापारी ने ड्रायवर के खिलाफ विश्वासघात करने का मामला कांकेर थाना में दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी ड्रायवर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे पुसवाड़ा निवासी 40 वर्षीय प्रदीप कुमार साहू पिता स्व. सुकचंद साहू ने पुलिस को बताया कि मैं ट्रेडर्स का काम करता हूं। मेरे गांव क्षेत्र के आस-पास के लोगो से धान खरीदी का काम करता हूं और 16 अगस्त को 305 बोरी धान वजनी 121 क्विंटल को ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 19 एच 1050 में ग्राम पुसवाड़ा में लोड करवा और ड्रायवर बिलासपुर जिला के बिल्हा निवासी रामप्रसाद निषाद को बोला इसे राजिम के रूद्रा राईस मिल जाना है। कांकेर के कोठारी पेट्रोल पम्प में रहना, मै इसका मंडी विल्टी बनवा कर कांकेर मंडी से आ रहा हूं। ट्रक चालक ट्रक सीजी 19 एच 1050 को लेकर ग्राम पुसवाड़ा से लगभग 5 बजे लेकर निकला, परंतु पेट्रोल पंप नहीं पहुँचा। ट्रक के बारे में इधर उधर पतासाजी किया, परंतु कोई जानकारी नहीं मिला। ट्रक चालक ने मेरे और ▸▸| शेष पेज 12 पर

नैनो, दानेदार यूरिया के मुकाबले कमजोर, किसानों के लिए घाटे का सौदा

# परलकोट क्षेत्र में यूरिया की कमी से धान की फसल खतरे में, किसान हैं परेशान


हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजूर

- दुकानों पर नो स्टॉक का बोर्ड और समिति के अधिकारी भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहे

परलकोट क्षेत्र के किसान इस समय गहरी चिंता में हैं। खरीफ सीजन में धान की फसल के लिए बेहद जरूरी यूरिया खाद की भारी कमी ने उनकी रातों की नींद उड़ा दी है। किसानों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर फसल लगाई है, लेकिन सही समय पर खाद न मिलने से उनकी पूरी मेहनत और पैसा बर्बाद होने का खतरा मंडरा रहा है। परलकोट क्षेत्र के किसान लगातार सहकारी समितियों और निजी दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है। दुकानों पर स्टॉक नहीं का बोर्ड लगा है और समिति के अधिकारी भी कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि धान की फसल में यूरिया डालने का यह सबसे महत्वपूर्ण समय है। यदि इस समय यूरिया नहीं मिला तो फसल की वृद्धि रुक जाएगी और पैदावार पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। किसान सरकार से मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि उनकी फसल को बचाया जा सके। यूरिया की कमी के बीच सरकार नैनो यूरिया के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है, लेकिन परलकोट के किसान इस पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। उनका मानना है कि नैनो यूरिया तरल रूप में होती है और इसका छिड़काव करना मुश्किल होता है और साथ ही उन्हें यह भी लगता है कि इसका प्रभाव दानेदार यूरिया जैसा नहीं है। एक किसान ने बताया हमने पहले भी नैनो यूरिया का इस्तेमाल करके देखा है, लेकिन दानेदार यूरिया के मुकाबले इसका असर बहुत कम होता है। हमारी फसल पहले से ही नाजुक है, ▸▸| शेष पेज 12 पर



लीला देवी कॉलेज ऑफ
नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग* • डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल

मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

## खबर संक्षेप



### हाटकोंदल में मटकी फोड़ हुआ कलश यात्रा भी निकाली गई

**दुर्गूकोंदल।** हाटकोंदल में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया व रविवार को विसर्जन रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत हाटकोंदल के बलवंत यादव ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्णा जन्मष्टमी के अवसर पर यादव समाज द्वारा ग्राम हाटकोंदल के स्कूल मैदान पर यादव भवन में कलश यात्रा निकालकर कृष्णा भगवान की मूर्ति विसर्जन किया गया। दही हांडी, मटकी फोड़ का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष रामसाय, सरपंच हरीश मांडवी, अवधेश यादव, हरिराम यादव, प्रमोद यादव, रवि यादव, दीपक, मानक यादव, कमलेश्वरी यादव, मोनिका, केसर बाई यादव, बहुर सिंग यादव, निखिल यादव, देवेंद्र यादव, नंदू यादव, कलीराम यादव, संजना यादव, भावना यादव, हिना यादव व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 46 वर्षीय पुनाई बाई मरकाम ने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। अंजनी निवासी 28 वर्षीय अंगद मरकाम ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 17 अगस्त को अपने कमरे में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षिका का सम्मान

**कोयलीबेड़ा।** 79वें स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय समारोह के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कोयलीबेड़ा के शासकीय स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के गणित के शिक्षक लीना साहू को नवोदय विद्यालय जवाहर उत्कर्ष एनएमएमएसई के प्रतियोगी परीक्षा 2024-25 में विभिन्न बच्चों का चयन के कारण विकासखंड स्तर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पखांजूर नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा के द्वारा सम्मानित किया गया।

### नए बस स्टैंड से शिफ्ट होगा कांग्रेस का धरना

**पखांजुर।** कांग्रेस पार्टी का पखांजुर नया बाजार बस स्टैंड पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन अब न्यू सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम के सामने परलकोट नम शुद्र भवन के पास खाली जगह पर शिफ्ट होगा। बाजार कमेटी की आपत्तियों के बाद प्रशासन ने यह फैसला लिया है। पखांजुर न्यू मार्केट व्यापारिक कल्याण समिति में अध्यक्ष ने कांग्रेस के धरना स्थल में खिलाफ शिकायत की थी। बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन करने से स्टैंड का मुख्य द्वार बंद हो गया है। इससे बसों को अंदर आने-जाने में दिक्कत हो रही थी और यात्रियों को भी बस स्टैंड के बाहर ही उतरना पड़ रहा था। शिकायत में यह भी बताया गया कि प्रदर्शन की वजह से बाजार का कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हो रहा था। दुकानों तक पहुंचने में लोगों को मुश्किल हो रही थी, जिससे दुकानदारों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा था। इसके अलावा, धरना स्थल के पास एक अस्पताल भी है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को आने-जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। नया बाजार कमेटी अध्यक्ष की शिकायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण चंद्र साहा ने अनुविभागीय अधिकारी को पत्र भेजा था। इसके बाद एसडीएम ने आदेश जारी कर धरना प्रदर्शन को बस स्टैंड से हटाकर सुभाष चंद्र स्टेडियम के सामने शिफ्ट करने का निर्देश दिया है।

**दिवस : छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली**

# कोकानपुर व मावलीपारा में स्वतंत्रता दिवस पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोरर

कोकानपुर एवं मावलीपारा में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम भारत माता छाया चित्र पर पुष्प, पुष्पमाला अर्पण कर तिलक लगाकर पूजा अर्चना किया गया। सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का ध्वजारोहण किया गया। साथ ही कोकानपुर में अन्य स्थानों में भी ध्वजारोहण किया गया।

ग्राम पंचायत भवन कोकानपुर में सरपंच कलीराम उईके, शासकीय हाईस्कूल कोकानपुर में ग्राम पटेल व एसएमसी अध्यक्ष माखन मंडावी, मिडिल स्कूल कोकानपुर में उपसरपंच योगीता राघवेंद्र राजपूत, प्राथमिक शाला में पंच पारसमणी जैन, प्राथमिक शाला मावलीपारा में पंच अमृता तेता, सोसाइटी में पंच सूरज मंडावी, आंगनबाड़ी केंद्र में पंच पदमा नाग, महिला स्व सहायता समूह भवन में दिलेश्वरी मंडावी, श्री वेंकटेश पेट्रोल पंप कोकानपुर में संचालक राजकुमार राठी, सरस्वती राइस मिल मावलीपारा में संचालक हिमांशु राठी, सहित ग्रामीणों कि उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात सभी स्कूल के छात्र छात्राएं ने एक साथ प्रभात फेरी निकाल ग्राम में भ्रमण करते हुए भारत माता की जय, वन्देमातरम, हम सब एक हैं, तिरंगा की जय, तिरंगा ध्वज के साथ भारत माता की आकर्षक वेशभूषा में छात्रा हेमलता बंजारे, स्काउट गाइड के छात्र व बैंड बाजे के साथ देशभक्ति नारे लगाए। प्रभात फेरी निकली गई जिसमें में सरपंच कलीराम उईके, उपसरपंच योगीता राघवेंद्र राजपूत, ग्राम पटेल माखन मंडावी, रमेश टेकाम, सूरज मंडावी, खिलेश्वरी नेताम, पदमा नाग, उर्मिला कैमरों, रेखा पिदा, पारसमणी जैन, रूखमणी यादव, नरसिंह कुमेटी, टाकेश धनकर, अवध मंडावी, रमेश मंडावी, लखन सिन्हा, रामकीर्तन सिन्हा, हाईस्कूल प्राचार्य शेखर महलवार, दोगेंद्र कश्यप, अनामिका साहु, हलाली कुदराम, शशिकला कावड़े, सविता जैन, दिलेश्वरी कोड़ोपी, पूर्णिमा मंडावी, साधना बिसेन, अनस राम सलामे, मुन्ना यदु, रिंकू वर्मा, सालिक राम अलनिया, कल्याणी शर्मा, जयंती मंडावी, नारती कांगे, यशोदा सिन्हा, कविता धनकर, गजानंद अलनिया सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।





### कमल सदन में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**कांकेर।** देश के 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यलय कमल सदन कांकेर में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, विधायक आशाराम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, पूर्व जिलाध्यक्ष हलधर साहू, दिलीप जायसवाल, देवेंद्र भाऊ, हीरा मरकाम, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता मेघराज मंगलानी, भूपेंद्र नाग, राजा पांडेय, मीरा सलाम, गिरधर यादव, जयंत अठभैया, रमशीला साहू, योगेश साहू, जयप्रकाश गेडाम, बृजमोहन तिवारी, नीलू तिवारी, राकेश शर्मा, विजयलक्ष्मी कौशिक, पुष्पेंद्र सिंह, रामबाई साहू, राजकुमार फब्यानी, हेमेंद्र ठाकुर व अन्य उपस्थित रहें।

## विधायक से महिलाओं ने पानी के लिए सौर ऊर्जा पंप सेट लगाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना

ग्राम सरोना की ग्रामीण महिलाओं ने विधायक आशाराम नेताम को ज्ञापन सौंपकर गांव में सौर ऊर्जा पंप सेट लगाए जाने की मांग की। महिलाओं ने बताया कि गौर चौक सरोना में वर्षों से विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन जल की समस्या हमेशा बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की व्यवस्था के अभाव में कई बार आयोजन बाधित होने की स्थिति भी निर्मित होती है। खासकर महिलाओं को पानी की व्यवस्था करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गौर चौक के पास स्थित बंद पड़े हेड पंप में यदि सौर ऊर्जा पंप सेट लगाया जाए, तो पूरे गांव को बड़ी राहत मिल सकती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सौर ऊर्जा पंप सेट से पानी की उपलब्धता सुचारू रहेगी और ग्रामवासी समय-समय पर सामूहिक रूप से इसका उपयोग कर पाएंगे। इससे जल संकट की समस्या खत्म होगी और महिलाओं को भी जल भरने में कठिनाई नहीं होगी। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि विधायक महिलाओं की मांग को प्राथमिकता देंगे और शीघ्र ही समाधान की दिशा में कदम उठाएंगे।

## कांग्रेस के बेमियादी धरने को विचार मंच का मिला समर्थन



**पखांजुर।** क्रांतिकारी विचार मंच इकाई पखांजुर और आदिवासी छात्र, युवा संगठन ने सिविल अस्पताल पखांजूर की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 अगस्त से चल रहे कांग्रेस पार्टी के अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन को धरना स्थल में पहुंच कर अपना समर्थन दिया। क्रांतिकारी विचार मंच के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने कहा कि चिकित्सा व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है, जो व्यक्ति की बुनयादी जरूरतों में से एक है। अगर चिकित्सा की अच्छी सुविधा देने वाले सरकारी अस्पताल की व्यवस्था बदहाल हो तो जनता क्या करे ? परलकोट जिसमें लगभग 450 से 500 गाँव हैं, परलकोट के केंद्र में मरीजों के लिए पखांजुर सिविल अस्पताल है, जिसकी व्यवस्था बदहाल है सिविल अस्पताल के सैटअप के अनुसार यहां पर्याप्त डॉक्टर नहीं, स्टाफ और नर्सों की कमी, डायलिसिस, सिटी स्कैन, सोनोग्राफी, ब्लड बैंक की कोई व्यवस्था नहीं है।



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय सचिव का कोयलीबेड़ा में किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोयलीबेड़ा

कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी का काफिला कोयलीबेड़ा पहुंचते ही अटल चौक में फूलमाला के साथ कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए स्वागत किया। राष्ट्रीय सचिव ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि शिक्षा स्वास्थ्य किसान को खाद बीज उपलब्ध कराने में छत्तीसगढ़ सरकार पूरी तरह विफल रही है।

राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अंचलों में खेती किसानी प्रभावित हो रही है। क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर गांव गांव जाएंगे एवं 19 अगस्त को क्षत्रिय समस्याओं को लेकर ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। राष्ट्रीय सचिव के काफिले के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, जनक नंदन कश्यप, हेमंत ध्रुव, बीरेश ठाकुर, शेख शरीफ, गणेश सोनी, शोएब अहमद, रतिराम दुर्गा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रवण यादव, विनोद उसेंडी, अनिल दरो, श्रवण नेताम, सतीश कौशल, प्रेमलाल उंड्रे, सुरेश सिंह बघेल, राजेंद्र बघेल, विदेश संतोष सॉरी, किनेश कौशल, बादल नाग, मनोज सेन सहित कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नवीन पाठ्यक्रम आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांकेर के द्वारा कक्षा छठवीं केनवीन पाठ्य पुस्तकों पर शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का प्रथम चरण विषय गणित (गणित प्रकाश) एवं हिंदी (मल्हार) के पांच दिवसीय प्रशिक्षण 18 से 22 अगस्त तक कार्यालय खंड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा विकासखंड दुर्गूकोंदल के प्रशिक्षण कक्ष में सुबह साड़े 10 बजें से शाम 5 बजें तक आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण की शुरुआत विद्या की देवी सरस्वती के छायाचित्र पर खंड शिक्षा अधिकारी एस पी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी एवं बीआरसीलतीफ सोम, टेश्वरलाल जैन, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटकोंदल के द्वारा पूजा अर्चना कर की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि कोई भी प्रशिक्षण व्यर्थ नहीं जाता। हम प्रशिक्षण प्राप्त कर अच्छे ऊर्जा के साथ बच्चों को शिक्षा के आयाम से जोड़े। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी ने भी सभी शिक्षकों को अति उल्लास के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने संस्था में जाकर नवीन पाठ्यक्रमों का बेहतरीन ढंग से संचालन करने को कहा गया। प्रशिक्षण में दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण में माध्यमिक शाला के गणित विषय के लिए 50 शिक्षक एवं हिंदी विषय के लिए 27 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के नोडल शशी सिंह, मास्टर ट्रेनर श्रीपति दत्ता, किशोर कोसमा, लेखराम टांडिया, हरिशंकर उईके, पुरुषोत्तम दास साहू, नरोत्तम साहू, संकुल समन्वयक शंकर नागवंशी, लेखापाल अनुभव साहू के साथ विकासखंड के आदेशित समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहें।

## ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पशुपालन विभाग की पहल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत आज से बस्तर जिले में पशु चिकित्सा सेवाओं द्वारा 30 दिवसीय पशु मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस प्रशिक्षण का उद्घाटन महाविद्यालय सभाकक्ष में महापौर संजय पांडे ने किया। मुख्य अतिथि पांडे ने कहा कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और ऐसे प्रशिक्षण युवाओं को न केवल रोजगार से जोड़ेंगे बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक होंगे।

## 80 बटालियन सीआरपीएफ ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



80वीं वाहिनी कैम्प परिसर में कमांडेंड जितेन्द्र कुमार एवं वाहिनी के समस्त अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी व कार्मिकों के साथ क्वार्टर गार्ड परिसर में हर्षोउल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस मौके पर ने न्यू बस स्टैण्ड परिसर में आम जनता के बीच ध्वाजारोहण कर भारत की आजादी के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आम जनता एवं जवानों को हार्दिक बधाई दी। स्वतंत्रता दिवस के इस शुभ अवसर पर यह संकल्प लिया कि हम देश की एकता-अखण्डता और राष्ट्रीय व संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन करने के लिए सदैव तैयार रहेगे, हम अपने एवं अपने परिवार के साथ देश को नशामुक्त बनायेगें साथ ही देश के एकता एवं अखण्डता को कमजोर करने वाली हर ताकत का मुँहतोड जवाब देंगे जिससे संवैधानिक अस्तित्व को अक्षुण्ण बनाया जा सके।

## राग द म्यूजिकल ग्रुप ने गीत संगीत से मनाई तीसरी वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



राग द म्यूजिकल ग्रुप ने अपनी तीसरी वर्षगांठ 15 अगस्त को टाउन हॉल सभागार में मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के फोटो पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर की गई । समीर जैन ने देश भक्ति गीत मैं रहूं या ना रहूं भारत रहना चाहिए से किया जिसके बाद सभी कलाकारों ने देशभक्ति गीत और हिंदी गीतों की लाइव आर्केस्ट्रा के साथ अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सुरेश जैन, बीजू विश्वास, मनीष श्रीवास्तव, प्रशांत दास,समीर जैन,जगदीश कुंतल, प्रथा दुबे, शेरोन सिंह, प्रियंका वैद्य, निशांत मसी, यश तीमोथी,प्रवीण पाल,तमा गाईन,चंद्रभान नागवांसी एवं बैनी तीमोती ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में शहर के समाजसेवी आरफा वेलफेयर फाउंडेशन की संचालिका महफूजा हुसैन को स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक कार्यों में निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए ग्रुप द्वारा सम्मान किया गया। रायपुर से पधारे ओबेरॉय आर्केस्ट्रा ग्रुप एवं टीम के द्वारा बेहतरीन वाद्य यंत्रों को बजाकर लोगों को अपना दीवाना बना दिया मंच संचालन ग्रुप की उद्घोषिका वंदना झा द्वारा किया गया।

## बस्तर की बेटी कवियत्री अंजली का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर




नागरी लिपि परिषद दिल्ली संस्था भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना मध्यप्रदेश द्वारा माता अहिल्याबाई होलकर ने शिक्षा के महत्व को जाना और पहल कर

■ हल्बी में प्रस्तुत रचना पर मिली सराहना

महिलाओं के शिक्षा को अति आवश्यक समझकर उनके शिक्षा पर जोर दिया। उनके और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के सम्मान में गत दिनों भोपाल स्थित श्यामलाहिल्स के गांधी भवन में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। जहां भारतवर्ष के प्रसिद्ध कवि साहित्यकार और महाविद्यालय के प्राचार्य,व्याख्याता और विषय विशेषज्ञ कार्यक्रम में सम्मलित हुए। समारोह में ज्ञान की बातें में विषय विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान दिया गया। विषय विदेशों में हिंदी का बढ़ता स्तर,एंव बहू भाषी राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी एंव कवि सम्मेलन देश भक्ति गीत,एवं हिन्दी को मातृभाषा के रूप में भारत के सभी राज्यों मे अनिवार्य करने पर फोकस था। व्याख्यान मेला हिन्दी कार्यक्रम एवं बहूभाषी कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ प्रांत के बस्तर जगदलपुर की अंजली मिश्रा सम्मेलन में सम्मलित हुई। उनके द्वारा बहूभाषी कार्यक्रम में अपनी लिखी कविता एवं बस्तर की पहचान अपनी लिखी हल्बी गीत प्रस्तुत की जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।

### मार्गदर्शन से मिलता आगे बढ़ने का अवसर

अंजली ने हरिभूमि से चर्चा में कहा मुझे वरिष्ठ और हिन्दी विशेषज्ञों से मिलकर आगे बढ़ना उचित लगता है,ताकि उनसे सिखकर उनके मार्गदर्शन में और अच्छा लिखने की कोशिश करना है और आगे बढ़ना है। जगदलपुर बहुत छोटा शहर है। यहां अपनी रचनाओं और साहित्य के क्षेत्र मेंआगे बढ़ने का अवसर नहीं दिया जाता ना ही सहयोग किया जाता है। बड़े शहरों में जाने से देश के जाने-माने साहित्यकार, रचनाकार, जज, डाक्टर, कुलपति, प्राचार्य का सानिध्य मिलता है। किंतु ऐसे महान लोग कभी हींन भावना से नहीं देखते। सभी कलाकारों को एक ही नज़र से देखकर सम्मान करते हैं और ये वरिष्ठों द्वारा मान सम्मान ही हमारा आत्म सम्मान और जीने का सहारा है।

पेज 11 के शेष...

### सीमा विवाद पर...

गिट्टी जो निकाली जा रही है, उसके भंडारण की परमीशन लेने का प्रयास किया जा रहा है, उसका भी हम विरोध करेंगे। भंडारण होने से लौह अयस्क के चोरी होने की संभावना बढ़ सकती है। लौह अयस्क के चोरी होने से सरकार के राजस्व का नुकसान होगा, साथ ही गाँव वालों का भी नुकसान होगा।

### बेकाबू बस चलाने...

किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के परिपालन मे विशेष पहल करते हुए एचएसआरपी नम्बर प्लेट संबंध मे यातायात शाखा कांकेर मे कैम्प लगाकर लोगों को जागरूक कर लगभग 40 लोगों का एचएसआरपी नम्बर प्लेट के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। एचएसआरपी नंबर नहीं लगाए जाने पर भी आने वाले समय में चालानी कार्यवाही किया जाएगा, जिसके जिम्मेदार वाहन मालिक होंगे।

### धान भरा ट्रक...

मेरे परिवार वालो के सभी नम्बर को ब्लेक लिस्ट मे डाल दिया है। अगले दिन 17 अगस्त को ड्रायवर से बात हुआ तो बताया मै राजिम मे हूं, तब मै राजिम के रूद्रा राईस मिल मे गया तो वहां पर नही मिला। उसके बाद मै राजिम क्षेत्र के आसपास के राईस मिल में पता किया, लेकिन कही पता नहीं चला। मेरे ट्रक ड्रायवर रामप्रसाद निषाद ट्रक में लोड माल 305 बोरी 121 क्विटल और ट्रक को लेकर भाग गया है। मेरे ड्रायवर ने मेरे साथ विश्वासघात किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक रामप्रसाद निषाद के खिलाफ धारा 316 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### परलकोट क्षेत्र में...

ऐसे में हम कोई जोखिम नहीं ले सकते। किसानों ने बताया कि वे अधिक दर पर खाद खरीदने के लिए तैयार हैं, बस उन्हें समय पर खाद मिल जाए। उनकी सबसे बड़ी चिंता यह है कि यदि फसल बर्बाद हो गई तो वे कर्ज कैसे चुका पाएंगे। सरकार को इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान देना चाहिए और किसानों की मदद करनी चाहिए। समय रहते समाधान नहीं निकाला गया, तो इसका सीधा असर धान की पैदावार और किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### जावंगा की छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**दंतेवाड़ा।** छग शासन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शासन के निर्देशानुसार शासन की उपलब्धियों एवं विकास आधारित कार्यक्रमों का श्रृंखलाबद्ध आयोजन प्रारंभ हो चुका है। इस क्रम में जिला दंतेवाड़ा के चारों विकासखण्ड के गीदम, दंतेवाड़ा कुआकोंडा, कटेकल्याण में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतीकरण के तहत एकल नृत्य बालक एवं बालिका, सामूहिक नृत्य बालक एवं बालिका, एकल गीत बालक एवं बालिका, सामूहिक गीत बालक एवं बालिका, लोक नृत्य (बालक एवं बालिका, शैक्षणिक गतिविधियां के अन्तर्गत भाषण, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता, तथा आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। इसके अलावा जिला मुख्यालय में 15 अगस्त स्वतंत्रता समारोह पर आस्था विद्या मंदिर जावंगा द्वारा रजत महोत्सव की शुरुआत के इस अवसर पर देश भक्ति के धुनों एवं राष्ट्रीय एकता से ओत प्रोत नृत्य गान पर छात्रों के प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

### मसीह समाज ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**बचेली।** मसीह समाज के द्वारा गिरजा घर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। अध्यक्ष रेव्ह डी सोना तथा बीपीएफ मनो चर्च बचेली के पासवान ने समस्त बैलाडीला और बचेली के नगरवासियों को ढेरों बधाई और हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित करते हुए कहा कि आज हमें 79 वा स्वतंत्रता दिवस मनाने का सौभाग्य मिला है। हम सब मिलकर देश की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रर्थना करते हैं। साथ ही देश में हों रहे अनेक समस्याओं जैसे जवानों के लिए बेरोजगारी, महिलाओं के प्रति असुरक्षा और महंगाई को लेकर समस्त मसीह समाज ने परम पिता परमेश्वर से देश हित में बचेली, किरंदुल के समस्त समाज के आर्थिक विकास और शिक्षा, ज्ञान और लोगों में आपसी भाईचारा बने रहने के लिए प्रार्थना कर शहीदों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में डी सोना, केपी चाँद, अविनाश नन्द, संजय दयाल, विजय मसीह, अवनीत मौर्य, मनोनीता मिंज इत्यादी समाज के लोग उपस्थित रहे।

# सायबर सेल और सीसीटीवी की मदद से चोरी की गुत्थी सुलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

कुआकोंडा थानाक्षेत्र के श्यामगिरी गांव में दिन दहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी सायबर सेल और सीसीटीवी फुटेज की मदद से 48 घण्टे में ही कुआकोंडा पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

दरअसल गत दिवस दोपहर 1 बजे के आस-पास प्रार्थिया लक्ष्मी ताती अपने घर पर कुंडी लगाकर खेत-बाड़ी का काम करने गयी थी। जब वह वापस 5 बजे घर लौटी तो घर का

दो दिन में आरोपी पकड़ाया





दरवाजा खुला था और घर के अंदर पेटी खुली, सामान बिखरा नजर आया। पेटी के अंदर से सोने के झुमके और नगदी रकम गायब थी। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कुआकोंडा थाने में बीएनएस की धारा 305 (क) और 331 (3) के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू की गई।

संदेह और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर श्यामगिरी कोटवारपारा के एक संदेही युवक अशोक कुमार भास्कर से पुलिस ने पूछताछ की जिसने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकारते हुये चोरी का सामान झुमका, सोने का हार और पैसा भी पुलिस ने आरोपी से बरामद कर लिया। साथ ही कुआकोंडा पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड में दंतेवाड़ा कोर्ट और वहां से जेल भेज दिया।

इस कार्यवाही में टीआई मोहर साय लहरे, प्रआर किशोर पटेल, प्रआर पीलूराम मरकाम, आरक्षक खेमराम जैन, आरक्षक रामकुमार पोर्ते, आरक्षक सुदरू नेताम, आरक्षक मंगल एवं सायबर सेल दन्तेवाड़ा की भूमिका रही।

## कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते व लोकतंत्र की रक्षा की मांग की

# वोट चोर, गद्दी छोड़ का विरोध कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में भव्य केंडल मार्च निकाला गया।

■ मार्च का प्रारंभ राजीव भवन दंतेवाड़ा से हुआ और जयस्तंभ चौक पर जाकर हुआ संपन्न

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उजागर किए गए मतदाता सूची में हेराफेरी और चुनावी धोखाधड़ी एवं वोट चोरी के खिलाफ और जनादेश के अपमान के विरोध में किया गया। जहां कांग्रेस पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं द्वारा हाथों में मोमबत्तियां, बैनर, झंडे और तख्तियां लेकर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन कर कार्यकर्ताओं द्वारा वोट चोर, गद्दी छोड़, चौकीदार चोर है से वोट चोर सरकार के नारों के साथ भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों को रौंदने का आरोप लगाते हुए मुख्य मार्गों से गुजरे। इसी बीच कांग्रेस भाजपा का आमना सामना हुआ। जिसे देख कांग्रेस कार्यकताओं ने जबरदस्त विरोध किया। मार्च का प्रारंभ राजीव भवन दंतेवाड़ा से हुआ और जयस्तंभ चौक पर जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमिटी अवधेश गौतम,पूर्व विधायक देवती महेन्द्र कर्मा, पीसीसी सयुक्त महासचिव छविंद्र कर्मा,, पीसीसी सयुक्त महासचिव शकील रिजवं, सयुक्त महासचिव विमल सुराना जिला पंचायत सदस्य तूलिका कर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मंगल भवानी,वीरेंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री भीमसेन सैन मंडावी, जिला महामंत्री विमल सलाम, जिला महामंत्री रविश सुराना सयुक्त महामंत्री जितेन्द्र कश्यप जिला मिडिया प्रभारी मनीष ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, ब्लॉक अध्यक्ष अनील कर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल,ब्लॉक अध्यक्ष अनील गावड़े ब्लॉक अध्यक्ष नंदा, देव सिंह ताती पुड़िया ताती महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष इंद्र शर्मा पार्षद एन नागराज,पार्षद इंद्रा ठाकुर, पार्षद राधा नाग, युथ कांग्रेस अध्यक्ष गणेश दुर्गा, जिला उपाध्यक्ष उमेश कश्यप,जिला महा सचिव संदीप राठौड़, जिला महासचिव गौरव गुप्ता दिनेश गुप्ता,मंजूर, संगीत राम शैलेन्द्र कोमारे, मनचलू राम मौजूद रहे।

# धाकड़ समाज ने धूमधाम से मनाई धरणीधर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर जिला धाकड़ समाज की ओर से गुरुवार को ग्राम कुम्हली क्षेत्र लोहण्डीगुड़ा में भगवान धरणीधर जयंती भव्य शोभा यात्रा के साथ हर्ष पूर्वक मनाई गई।

भगवान धरणीधर की विधि विधान से सामूहिक पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा दुर्गा मंदिर से चौक चौराहा होते हुए डीजे की धुन के साथ तिरंगा लहराते हुए घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा जय धरणीधर जय धाकड़ समाज का नारा लगाते हुए पुनः दुर्गा मंदिर एकत्रित हुए जिसमें भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी। समारोह में समाज के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन्हें अतिथियों ने सम्मानित किया। समारोह में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में समाज के लोग प्रगति कर रहे हैं। ऐसे आयोजन इन व्यक्तियों को एक मंच पर ला रहे हैं। उपाध्यक्ष भद्रीनाथ ठाकुर ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए एकजुट होकर सतत कार्य करें समाज के युवाओं को आगे आने की आवश्यकता है। समाज के छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा ग्रहण कर अच्छे मुकाम हासिल करें। तब ही समाज की एकजुटता नजर आनी चाहिए। धाकड़ समाज महिलाएं भी अधिक संख्या में उपस्थित हुए समाज में महिलाओं को आगे आने का आह्वान करते हुए बालिका शिक्षा पर जोर दिया।

समारोह में बिंता क्षेत्र के गोकुल सिंह ठाकुर,संरक्षक सोनाधार ठाकुर जिलाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर जिला के उपाध्यक्ष पूरन ठाकुर, तुलाराम ठाकुर, भद्रीनाथ ठाकुर, किशन ठाकुर, अयोध्या ठाकुर समेत समाज के वरिष्ठ कनिष्ठ सभी समाज सेवक उपस्थित रहे।

# अमृत सरोवर में ध्वजारोहण कर लगाए पौधे



**बीजापुर।** जिले के अमृत सरोवर स्थलों में कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। अमृत सरोवर गांव की धरोहर है इस भावना से ओतप्रोत ग्रामीणों ने सरोवर स्थल पर ध्वजारोहण कर पौधारोपण किया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चैबे ने जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत बनाए गए अमृत सरोवर स्थलों में भी ध्वजारोहण के साथ ही विभिन्न गतिविधि आयोजित किए गए। हर घर स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वतंत्रता दिवस के पूर्व ग्रामीणों में स्वच्छता के आदतों पर जागरूकता कार्यक्रम निरंतर चलाए गए। तिरंगा रैली, साफ सफाई के साथ स्वच्छता और जल संरक्षण का शपथ भी लिया गया।

# बचेली बस स्टैंड बना ट्रक स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



बचेली गौरव पथ के किनारे खड़े ट्रकों को देखकर लगता ही नहीं हैं कि यह शहर का मुख्य सड़क हैं। देखने से यह किसी ट्रक पार्किंग स्टैंड जैसा दिखाई देता हैं। नगर के शुरुआत से लेकर अंतिम छोर तक ट्रकों का मजमा सड़क किनारे लगा रहता हैं, जिससे पैदल चलने वालों को तकलीफों का सामना करना पड़ता हैं। पैदल चलने वालों के लिए जगह ही नहीं बचता।

यहां तक की बचेली बस स्टैंड भी इससे अछूता नहीं बचा। बस स्टैंड के अंदर खड़े ट्रकों के कारण बसों को बस स्टैंड के बाहर से यात्रियों को उठाना या चढ़ाना पड़ता हैं। रात होते ही बस स्टैंड असमाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता हैं।

पुलिस के द्वारा ट्रकों को हटवाया जाने पर फिर उसी खाली जगह पर दूसरा ट्रक खड़ा कर दिया जाता है। बचेली 2 बांगली कैंप से लेकर पुराना मार्केट तक कही भीं देखों सड़क किनारे ट्रको की लंबी कतार खड़ी रहती हैं। जिसके कारण यातायात प्रभावित होती हैं। सड़क की चौड़ाई सिकुड़ जाती हैं। इस रोड से बड़े अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि सबका गुजरना होता हैं, लेकिन सड़क पर खड़े मौत रूपी ट्रक उन्हें दिखाई नहीं देते।

# विद्यार्थियों को विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा



युवा भारत बस्तर के तत्वावधान में महाविद्यालय लोहंडीगुड़ा में केंद्र परियोजित प्रमुख योजनाओं के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देना तथा उनके लाभ एवं उपयोगिता से अवगत कराना था।

मुख्य योजनाओं की जानकारी कार्यशाला में विशेषज्ञों एवं संसाधन व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को निम्न योजनाओं के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया राजीव पानीग्राही ने डिजिटल इंडिया एनिसिटिव तकनीकी सशक्तिकरण और डिजिटल सेवाओं की पहुँच हैं। हेमराव खापर्डे ने स्किल इंडिया मिशन युवाओं को रोजगारपरक कौशल से जोड़ना। आयुष्मान भारत योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य बीमा सुविधा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बसंत कुमार कश्यप जनपद उपाध्यक्ष लोहंडीगुड़ा ने कहा कि भारत सरकार की ये योजनाएँ केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि युवाओं के लिए अवसर हैं। इन योजनाओं के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। और अपने संबोधन में गढ़िया युवा सरपंच भरत कश्यप ने कहा आज देश की प्रगति और युवाओं के सशक्तिकरण में इन योजनाओं की अहम भूमिका है। डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, फिट इंडिया मूवमेंट, मेक इन इंडिया जैसी योजनाएँ केवल नीतियाँ नहीं, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी हैं। महाविद्यालय के सोहद्रा दिवान,मधु तारक,सपना राय छात्र-छात्राओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से कार्यशाला में भाग लिया। अंत आभार व्यक्त प्राचार्य के द्वारा किया गया कार्यशाला ने युवाओं को जानकारी, प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया।

### गणेश बघेल पुनः बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष



**घाटलोहंगा।** ग्राम पंचायत भोंड गोठान में आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में संगठन को और मज़बूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। प्रभारी जतिन जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के समक्ष नए ब्लॉक अध्यक्ष के चयन का प्रस्ताव रखा। इस पर सभी कार्यकर्ताओं ने एकमत होकर वर्तमान अध्यक्ष गणेश राम बघेल पर पुनः भरोसा जताया और उन्हें तीसरी बार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को मिली बढ़त का श्रेय गणेश बघेल के नेतृत्व और संगठनात्मक सक्रियता को जाता है। कार्यकर्ताओं का मानना था कि उनके नेतृत्व में संगठन ने लगातार मजबूती प्राप्त की है, इसलिए पुनः उन्हें अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपना उचित और आवश्यक है। गणेश राम बघेल लंबे समय से राजनीति और सामाजिक सेवा से जुड़े हुए हैं। उनका कार्यकाल हमेशा सक्रियता और जनसेवा से परिपूर्ण रहा है।

# बस्तर में संस्कृति और आस्था का संगम-अलैख महिमा आश्रम भवन लोकार्पितः बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



नुवाखाई पर्व के अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने ग्राम पंचायत मूली में निर्मित अलैख महिमा आश्रम भवन का लोकार्पण किया। आश्रम पहुंचने पर अलैख महिमा के साधु-संत, माताएं, बहनें एवं ग्रामवासियों ने विधायक का स्वागत किया।

यह आश्रम बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया गया है, जो आने वाले समय में समाज और धार्मिक कार्यों का प्रमुख केंद्र बनेगा लोकार्पण अवसर पर ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान विधायक ने मूली स्थित आश्रम के सभी बाबा एवं माता-बहनों को नुवाखाई तिहारीन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ग्राम पंचायत मूली मेन चौक में विधायक ने अलैख मंदिर निर्माण के लिए भूमि-पूजन किया, जिसकी लागत राशि भी 5 लाख रुपये निर्धारित की गई है। वहीं स्थानीय नवयुवकों की मांग पर क्रिकेट मैदान समतलीकरण हेतु भूमिपूजन भी किया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत बागमोहल्लई के आमंत्रण पर बघेल ने डोंगरीपारा में आयोजित नुवाखाई तिहारीन पर्व में शामिल होकर श्रद्धालुओं से मुलाकात की। भारी वर्षा के बावजूद विधायक लगभग 2 किलोमीटर पैदल चलकर आश्रम पहुँचे और लोगों के बीच उत्सव की खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अलैख महिमा आश्रम क्षेत्रीय संस्कृति, अध्यात्म और सामाजिक एकता का प्रतीक है नुवाखाई जैसे पर्व हमारी परंपरा और संस्कृति को जीवंत रखते हैं बस्तर की यह धरोहर हमेशा हमें एकजुट होकर विकास और उन्नति की राह दिखाती रहेगी।

इस दौरान मौजूद रहे बालेश दुबे, मानसिंह कवासी ,जितेन्द्र सिंह बघेल संरपच, राम्या राम, लक्ष्मीनारायण पटेल, धरमानंद दास बाबा, मोहन कश्यप, चितानंद कश्यप, सोनाधर, बघेल, धरमचंद, बलराम सेठिया, मोहन कश्यप, सोनाधर सेठिया, बी खंग, हरिचद्र पुजारी मानसिंह सेठिया, लखेश्वर सेठिया, कनदई राम, अरुण सेठिया, प्रभुनाथ सेठिया, मंगलसाय एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# जन्माष्टमी पर कलश यात्रा निकली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम/ मददेड

मददेड में कृष्णा जन्माष्टमी पर रविवार को विसर्जन रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत मददेड के उप सरपंच श्याम चित्तापुरी ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्णा जन्मष्टमी के अवसर पर सीता राम शिवालय द्वारा दही हांडी मटकी फोड़ का आयोजन किया गया। इस उत्सव में ढोल-नगाड़ों की गूंज और गोविंदा आला रे के नारों से पूरा माहौल भक्तिमय और उत्सव हुआ। सीताराम शिवालय के युवाओं ने गोविंदा मंडल बनाकर मानव पिरामिड तैयार किया और ऊंचाई पर लटकाई गई मटकी को फोड़ने की कोशिश की।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भजन-कीर्तन, नृत्य और आयोजन किया गया। बच्चों और बुजुर्गों ने भी इस पर्व का भरपूर आनंद लिया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक भावना को बढ़ावा दिया, बल्कि सामूहिकता और टीमवर्क का भी संदेश दिया। प

रे गांव ने मिलकर इस पर्व को सफल बनाया और इसे यादगार बना दिया। पूरे गांव ने मिलकर इस पर्व को सफल बनाया और इसे यादगार बना दिया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के उप सरपंच श्याम चित्तापुरी, पूर्व उप सरपंच पुरुषोत्तम चित्तापुरी, ग्राम पटेल पी सुशील कुमार, प्रमोद कासोजी, मनोज कासोजी, जैन सुनील, पी जुगल किशोर, पी सचिन, प्रवीण चित्तापुरी, मुक्ति नाथ सिंह ठाकुर, जगदीश शर्मा, नमन मरकाम, लक्ष्मी नारायण सोनी, पुष्पा सोनी, कुसमा सोनी, प्रभा सोनी, सीताराम शिवालय के समस्त भक्तगण व ग्राम के ग्रामीण संख्या में उपस्थित थे।

# आत्मसमर्पित नक्सलियों ने मनाया आजादी का जश्न, पेश किए गीत और नृत्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा जिला पंचायत संसाधन केंद्र में एक शाम देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य माओवाद की विचारधारा को समाप्त कर आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में आत्मसमर्पित नक्सलियों ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। स्थानीय भाषा में गाए गीतों ने माहौल को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी देशभक्ति गीत गाकर कार्यक्रम में सहभागिता की और उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जीतेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चैबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल तथा डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बस्तर के 907 एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बेनर तले बस्तर के 907 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी अपनी नियमितीकरण एवं 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों ने शहर की पुरानी मंडी परिसर में हड़ताल किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों की हड़ताल का सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है, जिससे अस्पतालों में मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि जहां एक ओर मरीज इलाज के लिए अस्पतालों में भटक रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवाओं के मानक तय करने वाले राष्ट्रीय पोर्टल का पूरा काम भी ठप हो गया है।

कर्मचारियों ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से लगातार सेवा देने के बावजूद एनएचएम कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं किया गया। समय-समय पर सरकार से वार्ता होने के बाद भी केवल आश्वासन मिले हैं। कर्मचारियों को न तो स्थायित्व मिला, न ही उचित वेतनमान। 10 सूत्रीय मांगों में नियमितीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन, स्थानांतरण नीति, सेवा शर्तों का निर्धारण, सामाजिक सुरक्षा लाभ सहित अन्य बिंदु शामिल हैं। सरकार की उपेक्षा और टालमटोल की नीति से मजबूर होकर कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। यह संघर्ष केवल कर्मचारियों का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था और लाखों मरीजों के हित से जुड़ा हुआ है।

***मांगों का समाधान करें :*** बस्तर जिला इकाई संघ के प्रमुख जिला सलाहकार डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार से पुनः आग्रह किया कि तत्काल ठोस पहल करते हुए कर्मचारियों की मांगों का समाधान निकाला जाए।

## खबर संक्षेप



### कोचिया से ढाई हजार की अंग्रेजी शराब जब्त

**कांकेर**। थाना कांकेर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। उप निरिक्षक मनोरथ जोशी से मिली जानकारी के अनुसार 17 अगस्त को आरोपी देवरी बालाजी निवासी रूदेश्ख्वर मरकाम के कब्जे से 20 नग सीजी फाईन विस्की अंग्रेजी शराब जिसकी कीमत 2 हजार 400 रूपएं को जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (3) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवचेना में लिया है।

### मेड़ों में 3 दिनी डे नाइट प्रो कबड्डी स्पर्धा 23 से

**दुर्गुकोंदल**। दुर्गुकोंदल विकासखंड अन्तर्गत ग्राम मेड़ों में 23 अगस्त से तीन दिवसीय प्रो कबड्डी का आयोजन किया जाएगा। मेड़ों प्रो कबड्डी समिति के अध्यक्ष फनेश दिवान, उपाध्यक्ष विनोद समरथ, सचिव उत्तम जैन एवं सहसचिव सुमेश देहारी ने बताया है कि 23 अगस्त को प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी सभी ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मेंडो में तीन दिनी प्रो कबड्डी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 30 हजार, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 7 हजार रूपए दिया जाएगा।

### कोड़ेजुंगा में एक दिनी प्लेसमेंट कैंप 22 को

**कांकेर**। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 22 अगस्त को सुबह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 246 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने बताया कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सिक्युरिटी गार्ड के 100 पद, सिक्युरिटी सुपरवाइजर के 25, फायर मेन के 20, वाहन चालक हैवी के 10, होम केयर टेकर के 50, ग्रेजुएट सेल्स ट्रेनी के 21 और बिजनेस एसोसियेट के 20 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

### आकाशीय बिजली से से महिला की मौत

**कांकेर**। थाना कांकेर अंतर्गत पुसवाड़ा निवासी 42 वर्षीय सकन बाई नेताम के ऊपर आकाशिय बिजली गिरने के कारण 17 अगस्त को मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका आकाशिय बिजली गिरने की वजह से घायल हो गई थी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# जन्माष्टमी की फैंसी ड्रेस स्पर्धा में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने जीता मन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित पुराना बाजार पखांजूर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक राधा-कृष्ण का रूप धारण किया। इस आयोजन में 37 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें सबसे ज़्यादा आकर्षण का केंद्र बनीं महज़ सात महीने की नन्ही सिद्धि चंद, जिन्होंने भगवान कृष्ण का रूप धारण कर पहला स्थान हासिल किया।आयोजित प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में बाँटा गया था। कृष्ण श्रेणी में पहला स्थान पर सिद्धि चंद, दूसरा स्थान पर दीपप्रदीप सात्र और तीसरा स्थान पर लड्डु दास। राधा श्रेणी में पहला स्थान रियांशी मंडल, दूसरा अन्यान सरकार और तीसरा वैष्णवी पाल को मिला। वहीं राधा-कृष्ण की जोड़ी में पहला स्थान समृद्धि और चित्रांशी कर्मकार, दूसरा स्थान कबीर विश्वास और आराध्या कुंडू और तीसरा रोनित विश्वास और रितिका विश्वास। इस प्रतियोगिता में चार सम्मानित जज, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शंकर सरकार, बेबी कुंडू, मौसमी मुखर्जी और आलोक विश्वास मौजूद थे। इस पूरे आयोजन का श्रेय पुराना बाजार कमेटी को जाता है, जिसके प्रमुख सदस्यों में अध्यक्ष बिप्लब साहा, उपाध्यक्ष उत्पल दास, कोषाध्यक्ष मृणाल मंडल, और सचिव बिश्वजीत कर्मकार टूटू सहित अनंत मंडल, प्रकाश साहा, सुकलाल विश्वास, सुब्रतो कर्मकार, बिकाश साहा, सदानंद तरफदार और अरुण शील का विशेष योगदान रहा। यह आयोजन पखांजूर की धार्मिक और सामाजिक एकजुटता को दर्शाता है, जहाँ सभी ने मिलकर इस उत्सव को सफल बनाया।

### मॉर्निंग स्टार स्कूल में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी का पर्व

**कांकेर**। मॉर्निंग स्टार इंग्लिश स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया एवं सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्कूल के बच्चों के द्वारा राधा कृष्ण वेशभूषा में स्कूल आए और बहुत ही हर्षउल्लास के साथ कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। जन्माष्टमी पर्व पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों भाग लिया। स्कूल के डायरेक्टर मनोज सिंह राजपूत ने कहा कि आज की पीढ़ी को धार्मिक मान्यताओं, प्राचीन परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों से जुड़ने के लिए इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस प्रकार की गतिविधि से बच्चों में छिपी प्रतिभा को बाहर निकाला जा सकता है। राधा कृष्ण बने बच्चों में समृद्धि ठाकुर गायांसि, जासवी, गरिमा प्राची सिंह, राजवीर, कथित, दुआ, आयत फातिमा, यशिका नाग, अनुष्का नाग, वानी मांझी, गरिमा,पूर्वांश, अरनव, प्रतीक धनकर, यतीशा सोम इत्यादि बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य नगीना खान, शिक्षकगण लीना राजपूत, संभवी अत्री, रामकी पटेल, हिमेश्वरी धनकर, शादियां अंजुम, शबाना बानो, अनीता सोरी, प्रियंका सिन्हा, झरना जैन, एकता यादव, भूमिका निभाये शामिल रहे।

### छोटेकापसी बाजार स्थल पर हुई हांडी फोड़ प्रतियोगिता



**पखांजुर**। जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर छोटेकापसी बाजार कमेटी द्वारा में एक भव्य हांडी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रोमांचक प्रतियोगिता में बच्चों और युवाओं की कई टोलियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने अपनी शारीरिक क्षमता और टीम वर्क का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण ऊंचाई पर लटकी हुई दही की हांडी थी, जिसे फोड़ने के लिए प्रतिभागियों को एक मानव पिरामिड बनाना था। दर्शकों की भारी भीड़ के बीच, सभी टीमों ने भरपूर जोश और उत्साह के साथ प्रयास किया। कई असफल प्रयासों के बाद, आखिरकार गांव के युवाओं की एक टोली ने कड़ी मेहनत और तालमेल से हांडी फोड़कर विजय प्राप्त की। विजयी टीम को आयोजन समिति द्वारा नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। यह आयोजन न केवल प्रतियोगिता के सफल आयोजन से गांव वालों में काफी खुशी का माहौल रहा। इस प्रतियोगिता में बच्चे एवं युवाओं की टोली में भाग लिया। विजय टीम को तीन हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया गया।

### राधा कृष्ण के रूप में बच्चों की मनोहर झांकी ने लुभाया



**दुर्गूकोंदल**। प्रगति लेडीज ग्रुप की महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया। यह उत्सव शिव मंदिर में आयोजित विशेष पूजन-अर्चन से शुरू हुआ, जिसके बाद कार्यक्रम ने रंगारंग रूप धारण कर लिया। बच्चों ने भगवान राधा श्रीकृष्ण के मनमोहक रूप धारण किए और पारंपरिक मटका फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान उनके उत्साह और भक्ति का संगम देखने लायक था। पूजन का शुभारंभ पंडित ऐमन मिश्रा द्वारा विधि-विधान से कराया गया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षण पल था छोटे बच्चों का राधा-कृष्ण के अद्भुत रूप में सजना। यशस्वी भारद्वाज, भाग्य लक्ष्मी, वैष्णवी,कान्हा , हनी देवांशी कुलदीप, समृद्धि,राशि,बच्चों ने इतने मनमोहक और सुंदर वेश धारण किए कि सभी का मन मोह लिया। समारोह के अंत में इन सभी होनहार बच्चों को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान नीलम साहू सहित जौहरतीन गौतम, रीता वस्त्रकार, सरिता यादव, उत्तरा वस्त्रकार,नमिता राय,संगीता ठाकुर, ममता रावते, रामेश्वरी शांडिल्य, सुशीला मजूमदार, द्रौपदी मौहवन, रत्ना व्यापारी, जमीला कुलदीप, सती राजपूत, तरुण सिंहा, मनीषा, शारदा दास, वंदिता राणा, यामिनी, आत्माराम यादव, अजय राजपूत, कुलदीप, अरुणा व अन्य महिलाएं उपस्थित रहें।

### ब्रह्माकुमारी आश्रम में मना जन्माष्टमी का उत्सव



**पखांजुर**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पखांजूर में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई। ब्रह्माकुमारी शानू दीदी ने जन्माष्टमी के आध्यात्मिक महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण सतयुग में आठ जन्म लेते हैं, और वे सतयुग के पहले राजकुमार थे। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण श्यामसुंदर इसलिए कहलाते हैं क्योंकि कुछ जन्मों के बाद आत्मा में विकार आने से वह काली हो जाती है, जिसे परमात्मा ज्ञान और योग से फिर से सुंदर बनाते हैं। उन्होंने अभिमान की मटकी फोड़ने और ज्ञान रूपी मक्खन ग्रहण करने का संदेश दिया। इस अवसर पर पीहू और राधिका ने श्रीकृष्ण के गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। समारोह में केक काटकर खुशियाँ मनाई गईं और अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## जिले की ग्राम पंचायतों में 20 से 25 अगस्त तक ग्रामसभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 20 अगस्त से 25 अगस्त तक अनिवार्य रूप से ग्राम सभा आयोजन करने के लिए निर्देश जारी किया है।

कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर तथा समय-सारणी बनाकर तिथि निर्धारित कर ग्राम सभा का आयोजन किया जाए, ताकि एक ही दिनांक को ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी तिथि में ग्रामसभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्रामसभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे एवं ग्रामसभा का आयोजन सही ढंग से हो सकेगा। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा ग्राम पंचायत के प्रत्येक पदधारी सरपंच एवं पंचों को दी जावे, जो अपने क्षेत्र के सदस्यों को ग्राम सभा में उपस्थित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। इसके अलावा पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा कर मुनादी कराई जाए। कलेक्टर ने ग्रामसभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम सभा में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर वीडियो को ग्रामसभा निर्णय मोबाईल एप में अपलोड कराएं। इसके साथ ही ग्रामसभा के गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड कराकर निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन जिला कार्यालय को 28 अगस्त 2025 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में तोड़फोड़ की भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाया आरोप



**पखांजूर**। पखांजूर में कांग्रेस पार्टी द्वारा सिविल अस्पताल की बदहाली को लेकर चलाए जा रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में शनिवार को जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल के पास आकर उनकी गाड़ियों में तोड़फोड़ की, अभद्र टिप्पणियां की और गाली-गलौज की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि 16 अगस्त को दोपहर 2 से 3 बजे के जब राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी प्रदर्शनकारियों का समर्थन करने पहुंचे थे। बीजेपी के कार्यकर्ता जिसमें मोनिका साहा, शंकर सरकार और दीपांकर राय शामिल रहे। धरना स्थल के ठीक सामने पहुंच गए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गाड़ियों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे गांधी की तस्वीर के सामने अहिंसक तरीके से अपनी मांग उठा रहे थे, लेकिन बीजेपी कार्यकर्ताओं के हिंसक व्यवहार ने शांति भंग कर दी। कांग्रेस ने इस घटना को लेकर पुलिस से सुरक्षा की मांग की है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इस घटना ने इलाके में राजनीतिक तनाव बढ़ा दिया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि वे इस तरह के कृत्यों से डरेंगे नहीं और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी रखेंगे।

## 845 नव पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन के लिए 20 से 23 तक ओपन काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- काउंसिलिंग दो पालियों पर की जाएगी, पदों की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राचार्य टी-संवर्ग के पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन के लिए ओपन काउंसिलिंग का आयोजन 20 से 23 अगस्त तक शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर रायपुर में किया जाएगा। काउंसिलिंग में कुल 845 नव पदोन्नत प्राचार्य शामिल होंगे। काउंसिलिंग का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से निर्धारित है। प्रत्येक दिन प्रथम पाली में 150 और द्वितीय पाली में 150 इस प्रकार प्रत्येक दिन कुल 300 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा। काउंसिलिंग की तिथि एवं समय की जानकारी पदोन्नत प्राचार्यों की सूची तथा रिक्त पदों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

### काउंसिलिंग प्रक्रिया में नियमानुसार होगी


काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्राथमिकता का निर्धारण वरिष्ठता और नियमावली के अनुसार किया जाएगा। व्याख्याता, व्याख्याता एलबी, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पदोन्नति आदेश के लिए काउंसिलिंग के लिए प्राथमिकता निर्धारण प्रथम चार का क्रम निर्धारण व्याख्याता, व्याख्याता एलबी, प्रधानपाठक पूर्व माशा की वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति आदेश के सरल क्रमांक के अनुसार एक अनुपातिक सूची व्याख्याता, व्याख्याता एलबी प्रधान पाठक माशा 2,1,1 में तैयार की गई है। उपरोक्त अनुपात भर्ती तथा पदोन्नति नियम के अनुसार व्याख्याता 65 प्रतिशत व्याख्याता 70 प्रतिशत तथा व्याख्याता एलबी का कोटा 30 प्रतिशत है जबकि प्रधान पाठक माशा 25 प्रतिशत के आधार पर निर्धारित है। सर्वप्रथम एक वर्ष से कम अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले व्याख्याता, व्याख्याता एलबी, प्रधानपाठक पूर्व माशा को वरिष्ठता के आधार पर संस्था चयन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। काउंसिलिंग प्रक्रिया में दिव्यांग महिला एवं पुरुष को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। तत्पश्चात महिला तथा इसके बाद पुरूष वर्ग को वरिष्ठता के क्रम में संस्था चयन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। सभी पदोन्नत प्राचार्यों को अपने वर्तमान संस्था प्रमुख से प्रमाणित सेवा प्रमाण पत्र, मूल पदस्थापना संबंधी जानकारी तथा शासन द्वारा मान्य फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। दिव्यांग अभ्यर्थियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। काउंसिलिंग के लिए वेटिंग हॉल सेमिनार कक्ष क्रमांक 01 एवं काउंसिलिंग कक्ष क्रमांक 02 निर्धारित किए गए हैं। दोनों कक्षों में केवल अभ्यर्थियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहने वाले प्राचार्यों को अंतिम दिन 23 अगस्त को अवसर दिया जाएगा। काउंसिलिंग पूर्ण होने के बाद पदस्थापना आदेश शासन द्वारा जारी किए जाएंगे तथा आदेश जारी होने के 7 दिवस के भीतर नवीन पदस्थापना स्थल पर पदग्रहण करना अनिवार्य होगा।

### कांग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल की आज होगी बैठक

**दुर्गुकोंदल**। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष शोपसिह आचला ने बताया है कि आज 19 अगस्त मंगलवार समय 1.30 बजे सामुदायिक भवन दुर्गुकोंदल में ब्लॉक प्रभारी बसंत यादव की अध्यक्षता में नव सृजन से कमेटी अध्यक्ष के लिए आम सहमति से नियुक्त करना है, इसलिए आप सभी मंडल, सेक्टर, बूथ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, महिला कांग्रेस, सेवा दल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई एवं समस्त प्रकोष्ठ के कांग्रेस के समस्त पदाधिकारीयों को अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

## ट्रक की ठोकर से आतुरगांव के पास कार नाले में गिरते गिरते बची, सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




राष्ट्रीय राजमार्ग 30 आतुरगांव के पास ट्रक ने सामने चल रही कार को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। ट्रक की टक्कर से कार नाला में गिरते-गिरते बचा। अगर कार नाले में गिर जाता तो गंभीर हादसा हो सकता था। दुर्घटना में कार में सवार लोगो को चोट आई है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे राजनांदगांव के चिखली निवासी 28 वर्षीय अमित सोनी पिता स्व. राकेश सोनी ने पुलिस को बताया कि 17 अगस्त को मैं और मेरे दोस्त हितेश सोनी, वीरेन्द्र जंगेल, नीलु राम साहू के साथ कार क्रमांक सीजी 08 एएक्स 5243 सवार होकर जगदलपुर से रायपुर जा रहे थे।

कार को मै चला रहा था, तभी रात सवा 8 बजें राष्ट्रीय राजमार्ग 30 ग्राम आतुरगांव पुल के पास जगदलपुर की ओर से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 7080 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते पीछे से कार को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरी कार नाले मे गिरते गिरते बची। अगर कार नाले में गिर जाती तो हम लोगो का जान भी जा सकता था।

कार के एयर बेग खुलने की वजह से हम लोगो की जान बच गई और मेरी कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। कार में सवार मेरे साथी नीलुराम साहू के कंधा, पैर और वीरेन्द्र कुमार जंगेल के दाहिने पैर, हितेश सोनी के दाहिने हाथ और मुझे मेरे दाहिने हाथ के कलाई मे चोट लगा है।

कियत पर पुलिस ने आरोपी वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 7080 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### महिला की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर**। अंतागढ़ थानांतर्गत 50 वर्षीय जयबत्ती दुग्गा का अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया। सीएचसी अंतागढ़ के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि 16 अगस्त को मृतिका का अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
7 दिन
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 12,500/-
गोवा-बाम्बे
महालक्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशि:-स्लीपर-12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
30 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
25 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22501/- ऑफर 19,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)